# डेली संवाद

संपादक- अशोक सिंह भारत • जालंधर, 24 मई, 2020 dailysamvad.com Email:dailysamvad@gmail.com







## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में कोरोना से 21वीं मौत



**श्रीनगर:** जम्मू एवं कश्मीर के श्रीनगर में शनिवार को 55 साल उम्र की एक कोरोना संक्रमित महिला की मौत हो गई। इस केंद्र शासित प्रदेश में वायरस से यह 21वीं मौत है। श्रीनगर स्थित शेर-ए-कश्मीर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज के चिकित्सकों ने कहा कि अनंतनग जिले की रहनेवाली महिला जांच में कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, उसकी मौत हो गई। मौत से पहले उसके फेफड़े में संक्रमण का इलाज चल रहा था। राज्य में महामारी से अब तक 21 लोगों की मौत हो चुकी है। जम्मू संभाग से दो और कश्मीर संभाग के 19 लोग कोरोना की चपेट में आकर दम तोड़ चुके हैं।

### आरएमएल अस्पताल के डीन कोविड-19 से संक्रमित

**नई दिल्ली :** राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) हॉस्पिटल के डीन कोविड-19 संक्रमण से संक्रमित पाए गए हैं। अस्पताल के एक सूत्र ने रविवार को इस बात की जानकारी दी। सूत्र ने आईएएनएस से कहा, उन्हें हल्का बुखार हो रहा है। हालांकि, उनमें कोई लक्षण मौजूद नहीं हैं। वर्तमान में वह होम आइसोलेशन में हैं। उनकी रिपोर्ट शनिवार शाम को पॉजिटिव आई है। सूत्र ने आईएएनएस को यह भी बताया कि लगभग 60 वर्ष की उम्र वाले डॉक्टर हाई रिस्क वाले रोगी हैं।

### लुधियाना में धागा मिल में लगी भीषण आग



**लुधियाना :** स्थानीय चीमा चौक के पास आरके रोड पर एक धागा मिल में भीषण आग लग गई। आरटी धागा मिल में आग लगने की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की 10 गाडियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया। मिल मालिक ने बताया कि किसी व्यक्ति ने दूसरी मंजिल पर धुआं निकलते देखा तो उसने उन्हें सूचित किया। आग से लाखों के नुकसान की खबर है।

### *अगस्ता वेस्टलैंड*
### मिशेल से जेल में 2 दिन पूछताछ करेगा ईडी



**नई दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन ईडी को तिहाड़ जेल में दो दिन तक अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल से पूछताछ करने की अनुमति दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमचला ने एजेंसी को 25 और 26 मई को उससे पूछताछ करने की इजाजत दी है। विशेष लोक अभियोजक एन.के. मट्टा द्वारा अदालत को यह बताने के बाद कि मिशेल का कुछ दस्तावेजों के साथ सामना कराकर पूछताछ करने की आवश्यकता है, अदालत ने यह निर्णय लिया।

# कोरोना से देश में पिछले 24 घंटे में 6,767 मामले सामने आए, 147 लोगों की मौत हुई



**डेली संवाद, नई दिल्ली।**

देश में रविवार को लगातार तीसरे दिन कोविड-19 के मामलों में काफी बढ़ोतरी देखी गई जहां पिछले 24 घंटे में रिकॉर्ड 6,767 नये मामले सामने आए और 147 लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक संक्रमण के कुल मामले 1,31,868 हो गए जबकि बीमारी के कारण मरने वालों की संख्या 3,867 पर पहुंच गई है। मंत्रालय के बुलेटिन के मुताबिक 73,560 लोगों का उपचार चल रहा है जबकि 54,440 लोग स्वस्थ हो गए हैं और एक मरीज विदेश चला गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, ''करीब 41.28 प्रतिशत मरीज अब तक स्वस्थ हो चुके हैं।'' कोरोना वायरस संक्रमण के कुल मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

## विश्व में 54.27 लाख संक्रमित, 3.44 लाख मौतें



**वॉशिंगटन.** दुनिया में अब तक 54 लाख 27 हजार 339 लोग संक्रमित हैं। 22 लाख 59 हजार 434 लोग ठीक हुए हैं। मौतों का आंकड़ा 3 लाख 44 हजार 417 हो गया है। रूस में 24 घंटे में 8599 मामले सामने आए हैं और 3541 लोगों की मौत हुई है। रूस यूरोप का सबसे संक्रमित देश बन गया है। यहां अब तक 3.44 लाख मामले सामने आ चुके हैं, जबकि 3541 मौतें हो चुकी हैं। चीन के विदेश मंत्री वॉन्ग यी ने रविवार को कहा कि अमेरिका चीन के साथ संबंधों को एक नए शीत युद्ध की ओर ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह इतिहास के पहिए घुमाने की एक खतरनाक कोशिश है। दोनों देशों के बीच हमेशा से सहयोग की परंपरा रही है। ऐसा कोरोना संकट के समय भी नजर आया। उन्होंने कहा कि हमने महामारी से निपटने के लिए अमेरिका को मेडिकल इक्विपमेंट भेजे। 12 अरब से ज्यादा मास्क अमेरिका भेजी जा चुकी है। अफसोस है कि वहां राजनीतिक वायरस फैल रहा है।

## आखिरकार कोरोना के पैदा होने की जांच के लिए तैयार हुआ चीन, रखी शर्त

**डेली संवाद, बीजिंग**

चीन ने कहा है कि वह कोरोना वायरस (कोविड-19) की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है लेकिन इस प्रक्रिया का राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को अपने वार्षिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ÷चीन कोरोना वायरस की उत्पत्ति का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समुदाय के साथ सहयोग के लिए तैयार है। हमारा मानना है कि यह प्रक्रिया पेशेवर, निष्पक्ष और रचनात्मक होनी चाहिए। निष्पक्ष होने से हमारा मतलब हे कि कोरोना वायरस का पता लगाने की प्रक्रिया में राजनीतिक हस्तेक्षप से बचा जाना चाहिए।÷ विदेश मंत्री ने कहा कि प्रक्रिया के दौरान सभी देशों की संप्रभुता का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि चीन ÷अपराधी ठहराने की किसी भी पूर्व धारणा' का विरोध करता है। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन की बैठक में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने कोरोना वायरस की उत्पत्ति संबंधी जांच से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि यह जांच कोरोना वायरस महामारी खत्म होने के बाद कराई जा सकती है। अब चीन के इस हृदय परिवर्तन ने दुनियाभर के राजनीतिक विश्लेषकों को हैरत में डाल दिया है।

## श्रमिक स्पेशल ट्रेन में लगी आग, अफरातफरी



**डेली संवाद/पटना**

बिहार में एक श्रमिक स्पेशल ट्रेन में रविवार को अचानक आग लग गई, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया। ट्रेन प्रवासी मजदूरों को लेकर अररिया जा रही थी। बख्तियारपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही ट्रेन से धुआं निकलने लगा। हालांकि, ड्राइवर की सूझ-बूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। जल्द ही ट्रेन को रोककर आग पर काबू पा लिया गया। उधर, स्टेशन पर ट्रेन रुकते ही पर मजदूर अपनी-अपनी बोगियों से निकलकर भागने लगे। काफी देर तक मजदूर खौफजदा रहे और मामला साफ न हो जाने तक ट्रेन से बाहर ही रहे। बताया जा रहा है कि ट्रेन की ब्रेक बाइंडिंग में आग लगी थी जिसके चलते धुआं निकल रहा था। काफी देर बाद ट्रेन को अररिया के लिए रवाना कर दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई मजदूर तो जल्दी में खिड़की से ही कूद गए। बता दें कि यह ट्रेन बिहार की राजधानी पटना से अररिया जा रही थी कि बीच रास्ते में ही इसमें आग लग गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं पहुंची। वहीं, स्पेशल ट्रेनों में सफर कर रहे 3 प्रवासी कामगारों की यात्रा के दौरान ही मौत हो गई। ये सभी पहले से गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे। कानपुर के जिलाधिकारी ब्रह्मदेव राम तिवारी ने रविवार को बताया कि मृतक यात्रियों के परिजनों का कहना है कि इन सभी को पहले से ही गंभीर बीमारियां थी। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन ने तीनों यात्रियों के परिजनों से संपर्क करते हुए यह जानकारी ली कि उन्होंने कहां-कहां की यात्रा की थी। तीनों के शव मुर्दाघर में रखे गए हैं।

### तालाब की खुदाई में मिली भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति

`डेली संवाद, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति मिली है। रसूलपुर बडागव गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत यहां कार्यरत मजदूरों को एक तालाब की खुदाई के दौरान भगवान विष्णु की एक प्राचीन मूर्ति मिली। मूर्ति की चर्चा इलाके में बहुत हो रही है। गाव में लगभग 150 मजदूर खुम्भी तालाब की खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान एक मजदूर को मूर्ति मिली, जिसके बाद ग्राम प्रधान और खंड विकास अधिकारी को सूचित किया गया।


## उर भारत में कहर ढाने लगी गर्मी, 27 मई तक आसमान उगलता रहेगा जहर



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

उत्तर भारत में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। दिल्ली, हरियाणा, पंजाब?आदि राज्यों में शुष्क, गर्म हवाओं के चलने से अधिकतम तापमान 46- 47 डिग्री पहुंचने के पूरे आसार बन चुके हैं।?मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 27 मई तक गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। 28 मई की रात से पश्चिमी विक्षोभ प्रभावित करेगा जिससे धूल भरी आंधी आएगी या गरज के साथ बारिश हो सकती है। 28 मई के बाद निचले स्तर की तेज हवाएं कुछ राहत ला सकती हैं। हरियाणा में कोरोना के संग अब भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। राज्य में तापमान में लगातार वृद्धि होने से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गर्म हवा के थपेड़ों से लोगों का बहाल निकलना बेहद मुश्किल हो गया है। हिसार में सबसे बुरा हाल है। यहां तापमान 46.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। हिसार देश के तीन सबसे गर्म शहरों में है। नारनौल, सिरसा में भी पारा 45 डिग्री के करीब रहा। बठिंडा अधिकतम तापमान 44 डिग्री दर्ज किया गया।?अगर दूसरे राज्यों की बात करें तो मध्यप्रदेश में राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमानों में काफी उछाल आया है।

## कोरोनावायरस की चपेट में आकर एस के पूर्व चिकित्सक की मौत



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

दिल्ली में स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के पूर्व चिकित्सक जे.एन.पांडे की शनिवार को कोरोनावायरस की चपेट में आने के चलते मौत हो गई है। पांडे एक पल्मोनोलॉजिस्ट थे और वह एम्स के मेडिसिन विभाग के प्रमुख भी रह चुके थे। मंगलवार को उनमें कोरोनावायरस के संक्रमण का पता चला और आज अपने आवास में उन्होंने आखिरी सांस ली। वह 79 साल के थे। पांडे वर्तमान समय में सीताराम भारतीय इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड रिसर्च से जुड़े हुए थे, जो साउथ दिल्ली में स्थित एक मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल है। अस्पताल ने एक ट्वीट में कहा, ÷पांडे अपने घर पर देखरेख में थे और वह ठीक होते भी नजर आ रहे थे। ऐसा लग रहा है कि मौत दिल का दौरा पड़ने के चलते हुई होगी। उनके परिवार और उन सभी के प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं, जिन्हें उनकी याद सताएगी। पांडे में कोमोरबिड कंडीशन था और उनकी पत्नी भी कोविड-19 से संक्रमित पाई गई थीं, जिन्हें एम्स में ही भर्ती कराया गया है। आज दिल्ली की एक वरिष्ठ चिकित्सक और एपोलो हॉस्पिटल्स एंटरप्राइजेज की संयुक्त प्रबंध निदेशक संगीता रेड्डी ने एक ट्वीट कर इस खबर को साझा किया। उन्होंने लिखा, ÷यह सुनकर बेहद दुख हुआ कि आज कोविड-19 ने दिल्ली के एम्स में पल्मोनोलॉजी के प्रोफेसर और निदेशक डॉ. जे.एन.पांडे को अपना शिकार बना लिया है। वह मेडिकल वर्ल्ड में काफी चर्चित व एक निष्ठावान हस्ती थे।

### महाराष्ट्र के नांदेड़ में बड़ी वारदात, साधु और सेवक की पीट-पीटकर हत्या

**डेली संवाद, मुंबई**

महाराष्ट्र के पालघर में चोरी के शक में दो साधुओं की पीट-पीटकर हत्या का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि एक बार ?फिर महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक आश्रम के अंदर साधु की हत्या का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि बीती रात नांदेड़ के आश्रम में यह हत्या कर दी गई है। बताया जाता है कि साधु का शव आश्रम में मिला है। वहीं उनके सेवादार का शव आश्रम से कुछ दूरी पर पड़ा मिला है। मामले की जानकारी मिलने का बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने साधू और सेवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुरक्षाबलों को मिली बड़ी कामयाबी, कश्मीर घाटी में लश्कर के टॉप आतंकी समेत 4 अरेस्ट



**डेली संवाद, श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। यहां के बडगाम जिले में इंडियन आर्मी की 53-ऋऋ और बडगाम पुलिस ने ज्वाइंट ऑपरेशन कर लश्कर ए तैयबा के एक मॉड्यूल का भडाफोड़ किया है। सुरक्षाबलों ने लश्कर मिलिटैंट असोसिएट वसीम गनी को तीन अन्य आतंकवादियों के साथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, रविवार को बडगाम जिले के बीरवा इलाके में स्थानीय पुलिस और भारतीय सेना के संयुक्त अभियान में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर सर्च ऑपरेशन के जरिए चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। इसमें एक लश्कर-ए- तैयबा का मिलिटैंट असोसिएट वसीम गनी भी शामिल है।

इसके अलावा ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों ने तीन अन्य आतंकवादियों को भी दबोच लिया। बताया गया कि यह ग्रुप इलाके में आतंकवादियों को आसरा मुहैया कराता है। साथ ही उन्हें इलाके में दहशत फैलाने के लिए मदद देता है। इन आतंकियों की पहचान हरदुलिना बीरवाह के रहने वाले अब्दुल अजीज गनी का बेटा वसीम गनी, मोहम्मद सुल्तान डार का बेटा फारुक अहमद डार, बशीर अहमद का बेटा मोहम्मद यासीन और अली मोहम्मद मीर का बेटा अजहरुद्दीन मीर के रूप में हुई है. ये सभी कंडूरा बीरवाह के रहने वाले हैं।






## 2 महीने के लॉकडाउन के अंदर बड़ी सफलता, भारत में 10 लाख कोरोना मरीजों के इलाज का ढांचा तैयार



**डेली संवाद, नई दिल्ली**

राज्य सरकारों की मदद से केंद्र ने दो महीने के लॉकडाउन के अंदर एक बड़ी सफलता को हासिल किया है। केंद्र सरकार का कहना है कि उसके पास देश में 10 लाख कोविड-19 मरीजों का इलाज करने के लिए पर्याप्त बुनियादी ढांचा मौजूद है। इनमें से करीब सवा तीन लाख बेड ऐसे हैं जहां पर गंभीर रोगियों का इलाज किया जा सकता है। बाकी हल्के लक्षणों के रोगियों के उपचार के लिए हैं। नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वीके पाल का कहना है कि दो महीने पहले जब देश में वायरस का प्रकोप शुरू हुआ तब देश में बीमारी के लिए एक अलग समर्पित अस्पताल नहीं था। उन्होंने कहा, 'आज हमारे पास देश में ऐसे 1,093 अस्पताल हैं।'

लॉकडाउन चार में आर्थिक गतिविधियों की छूट दिए जाने के बाद जहां जिन्दगी अब धीरे-धीरे पटरी पर आ रही है, वहीं बीमारी को लेकर लोगों में भय कम नहीं हुआ है। लेकिन सरकार ने भी स्पष्ट कर दिया है कि लॉकडाउन हमेशा जारी नहीं रह सकता। बीमारी अभी जाने वाली नहीं है। इसलिए बीमारी से बचाव करते हुए जीना है। बीमारी पड़ने वालों का उपचार करना है।

नीति आयोग के सदस्य डा. वी. के. पाल के अनुसार जब दो महीने पूर्व देश में बीमारी बढ़नी शुरू हुई थी तब हमारे पास कोविड रोगियों के लिए अलग से एक भी अस्पताल नहीं था। आज 1093 ऐसे अस्पताल हैं जो सिर्फ कोविड रोगियों के लिए हैं। इनमें 185306 बेड हैं जिनमें 31250 आईसीयू बेड भी शामिल हैं। ये अस्पताल आईसीयू के साथ-साथ वेंटीलेटर की सुविधा से भी लैस हैं तथा उन रोगियों का यहां इलाज हो सकता है जिन्हें आईसीयू या वेंटीलेटर की जरूरत हो।







